education in schools in Delhi and in other State;

(b) if so, what are the details in this regard;

(c) whether the Central Board of Secondary Education and Delhi Borad of Secondary Education have included computer education in their curriculum and from which class and the number of such schools;

(d) the number of students who have taken this subject; and

(e) to what extent it has benefited them?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) and (b) Yes, Sir. The Government has formulated a Centrally Sponsored Scheme "Computer Literacy and Studies in Schools" (CLASS) from 1993-94. Under the Scheme PC AT-386 configuration with 4 dummy terminals with monitor and printer, will be supplied to each selected school. The coverage of the Scheme is restricted to Sr. Secondary Schools only. Instruction in computer literacy is compulsory for all students of Class XI and XII of such selected schools.

(c) Yes, Sir. CBSE has included Computer Education in its curricula at different levels as given below:

(i) Under Work Experience from Classes VI to XII.

(ii) As an elective subject under academic stream in classes XI and XII.

(iii) As an independent trade under vocational stream in classes XI and XII.

The number of institutions offering these courses at +2 level are as under:

Academic stream	459
Vocational stream	9

(d) The number of students who were registered in the Board's examination in 1995 for computer course was as under:

Academic stream	8704
Vocational stream	131

(e) These courses are aimed at generating computer awareness, enabling them to pursue higher studies or making them self employment or employment worthy.

उत्तर प्रदेश में किसानों को कृषि ऋणों का वितरण करना

1318. **श्री संघ प्रिय गौतम:** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने वर्ष 1994-95 के दौरान किसानों को कृषि ऋणों का वितरण करने के लिए उत्तर प्रदेश को कोई सहायता दी है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों के दौरान कृषि ऋणों के लिए जिला-वार कितनी सहायता राशि दी गई; और

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के शेष वर्षों के दौरान जिलावार दी जाने वाली सहायता का ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार): (क) जी, नहीं।

(ख) केन्द्र सरकार किसानों को उर्वरक, बीज तथा कीटनाशियों जैसे कृषि आदानों की खरीद में उन्हें सहायता देने तथा इन आदानों को उन्हें समय पर उपलब्ध कराने के लिये खरीफ, 1993 तक हर वर्ष खरीफ तथा रबी मौसम के लिये अलग से राज्य सरकार को अल्पावधिक ऋण मुहैया कराती रही है। यह ऋण राज्य सरकारों को दिये जाते थे तथा इनका जिले-वार आबंटन नहीं किया गया था। वर्ष 1992-93 तथा 1993-94 के दौरान उत्तर प्रदेश को आबंटित अल्पावधि ऋण की राशि निम्न प्रकार है:—

वर्ष	(करोड़ रुपये में)	
1992-93	42.55	
1993-94	17.60	(केवल खरीफ 1993 के लिये)

(ग) रबी 1993-94 से राज्यों को अल्पावधि ऋण दिया जाना बन्द कर दिया गया है।